# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 जुलाई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा किए अपने विचार। कहा– दो हजार चौबीस का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।
- प्रधानमंत्री ने विशेष अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' से लोगों से अपनी मां के साथ मिलकर एक पेड़ लगाने का किया आह्वान।
- नये आपराधिक कानून आज से होंगे लागू। सुलभ और कुशल न्याय प्रणाली लागू करना है इस कानून का उद्देश्य।
- प्रदेश के राहत आयुक्त ने दी वर्षा और बाढ़ की जानकारी। कहा– राज्य के सभी तटबंधे सुरक्षित।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद कल पहली बार आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये एक बार फिर अपने विचारों को साझा करने का क्रम शुरू किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि दो हजार चौबीस का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।

***मैं आज देशवासियों को धन्यवाद भी करता हूँ कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूँ।***

प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– 'एक पेड़ माँ के नाम' का उल्लेख किया।

***इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है– 'एक पेड़ माँ के नाम'। मैंने भी एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी माँ के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में साठ हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल के लिए उन्होंने कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया। योग के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया ने दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। उन्होंने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन अपने प्रसारण के पचास वर्ष पूरे कर रहा है।

***मम प्रियाः देशवासिनः अद्य अहं किञ्चित् चर्चां संस्कृत भाषायां आरंभे। आप सोच रहे होंगे कि मन की बात में अचानक संस्कृत में क्यों बोल रहा हूं? आज तीस जून को आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन अपने प्रसारण के 50 साल पूरे कर रहा है। मैं ऑल इंडिया रेडियो परिवार को बधाई देता हूं।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में संस्कृत की बड़ी भूमिका रही है। श्री मोदी ने कहा कि एक सप्ताह के बाद पवित्र रथ यात्रा शुरू होने जा रही है।

उन्होंने कामना की महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा सभी देशवासियों पर बनी रहे। उन्होंने अमरनाथ यात्रा और पंढरपुर वारी का भी उल्लेख किया तथा इन यात्राओं में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने आषाढ़ी बीज के लिए भी शुभकामनाएं दी।

**********

प्रदेश सरकार आज से प्रदेश भर में वन महोत्सव का आयोजन कर रही है। यह महोत्सव सात जुलाई तक चलेगा। उधर, राज्य सरकार प्रदेश को हराभरा रखने के लिए इस वर्ष भी पैंतीस करोड़ पौधरोपण करेगी। इसके लिए विभागों और मंडलों के लक्ष्य तय कर दिये गये हैं। इस क्रम में बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले को हराभरा बनाने के लिए पौधरोपण अभियान की शुरूआत आज से हो रही है। एक रिपोर्ट–

***वर्षा काल में जनपद हमीरपुर को हरा भरा करने के लिये 76 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है जिसकी तैयारी करने में विभाग जुट गया है कल एक जुलाई से जनपद मेंपौधरोपण अभियान की शुरुआत हो जायेगी पौधों की सुरक्षा के लिये ठोस इंतजाम किये गये हैं। प्रभागीय वनाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जीके मन की बात में पौधरोपण का विशेष जोर दिया गया है, जिसको लोंगों ने आत्मसाध भी किया है। बंजर जमीन और खेत की मेड़ पर प्रमुखता से पौधरोपण कराने की तैयारी की गयी है। शिव कुमार सेठी आकाशवाणी समाचार हमीरपुर।***

**********

तीन नए आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम आज से लागू हो जाएंगे। यह विधेयक पिछले वर्ष शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में पारित किये गये थे। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का उद्देश्य सभी के लिए ज्यादा सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, किसी भी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करना और साथ ही पीड़ितों को एफआईआर की मुफ्त कॉपी मिलना शामिल है। इसके अलावा, गिरफ्तारी की स्थिति में उस व्यक्ति को इच्छानुसार किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का हक़ है। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को भी प्राथमिकता दी गई है।

**********

प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने वर्षा की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया है कि राज्य के सभी तटबंध सुरक्षित हैं, कहीं भी किसी तरह की चिन्ताजनक स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में दस दशमलव चार मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड हुयी है, जो सामान्य वर्षा छः दशमलव सात मिलीमीटर के सापेक्ष एक सौ पचपन दशमलव दो प्रतिशत है। जून महीने में औसत वर्षा के सापेक्ष वर्षा का प्रतिशत छाछठ है। राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में कोई भी नदी खतरे के निशान से ऊपर नहीं बह रही है। पिछले चौबीस घंटे में प्राकृतिक आपदा से सात लोगों की मौत हुयी है, जिनके परिजनों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान में कोई भी जिला बाढ़ से प्रभावित नहीं है।

**********

केन्द्रीय राज्य मंत्री और आगरा के सांसद प्रोफेसर एस.पी. बघेल ने बताया है कि आगरा एयरपोर्ट के नये सिविल टर्मिनल के बनने में आ रही सभी बाधायें दूर कर ली गयी है। अब यह टर्मिनल दो वर्ष में बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिये भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने केएसएस के साथ अनुबंध किया है। कल आगरा में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्य मंत्री ने बताया कि टर्मिनल का निर्माण वर्ष की तीसरी तिमाही में शुरू कराया जायेगा, जिसका शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करया जाना प्रस्तावित है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' के दौरान सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने जमीन कब्ज़े और भूमि पैमाइश की सबसे ज्यादा शिकायते कीं। श्री योगी ने इन समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को इस सिलसिले में तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ प्राथमिकता के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाये।

मुख्यमंत्री ने धनाभाव के कारण इलाज में आ रही समस्याओं को लेकर आये लोगों को आश्वस्त किया कि पैसे की कमी की वजह से इलाज में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण वरीयता के आधार पर किया जाना चाहिए और इस मामले में किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**********

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने राज्य के नये मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्नीस सौ अट्ठासी बैच के आईएएस अधिकारी श्री सिंह निवर्तमान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र का स्थान लेंगे।

**********

प्रदेश के पुलिस प्रमुख प्रशांत कुमार ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के मद्देनज़र वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। राज्य की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए श्री कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा और मोहर्रम जुलूस के दौरान किसी नयी परम्परा की इजाजत न दी जाये।

**********